**प्रेस नोट          पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद          दिनांक 22.07.2024**

**थाना लिंक रोड पुलिस टीम व स्वाट टीम ट्रांस हिण्डन जोन द्वारा दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 03 कार बरामद ।**

दिनांक 20.07.2024 को थाना लिंक रोड़ पर वादी सुखजीत सिंह मक्कड़ पुत्र स्वमकर जीत सिंह द्वारा लिखित तहरीर देकर बताया गया कि मेरी बलेनो कार घर के सामने से चोरी हो गई है। जिसके सम्बन्ध में थाना लिंक रोड़ पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसके क्रम में आज दिनांक 22.07.2024 को थाना लिंक रोड पुलिस टीम द्वारा सूर्यनगर चौकी क्षेत्र के रंगोली तिराहा पर चेकिंग के दौरान एक ब्रेजा कार बिना नम्बर प्लैट की गाड़ी को रूकवाकर चैक किया गया तो गाड़ी से उतकर एक व्यक्ति भाग गया । जिस पर शक होने पर ड्राइवर सीट एवं पीछे की सीट पर बैठे कुल दो व्यक्तियों को तत्परता से पकड़ लिया और पकड़े गये दोनों अभियुक्तों ने अपने नाम 1. गुलफाम पुत्र वहीद निवासी घोसीपुर थाना लोहियानगर जिला मेरठ उम्र 36 वर्ष व 2. जाहुल पुत्र स्व0 जुम्मा नि वासी ग्राम रुपडाका थाना हथीम जिला पलवल हरियाणा उम्र 38 वर्ष बताया। उपरोक्त से भागने वाले व्यक्ति का नाम व पता एवं भागने का कारण तथा गाड़ी की नंबर प्लेट के बारें में पुछताछ की गई तो यह तथ्य प्रकाश में आए कि ये ब्रेजा गाड़ी चोरी की है । इसीलिए इसकी नंबर प्लेट हटा दी है। उक्त गाड़ी चोरी होने के स म्बन्ध में थाना गुरुग्राम सदर हरियाण में अभियोग पंजीकृत है। सख्ती से पूछताछ करने पर अभियुक्तों की निशादेही पर चोरी की 01 बलेनो कार सिल्वर कलर(थाना लिंकरोड़ से चोरी)व चोरी की 01 स्विफ्ट डिजायर कार( दिल्ली से चोरी ) को बरामद किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>पूछताछ का विवरण</u>**

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि हम चारों लोग मिलकर दिल्ली NCR, हरियाणा से चार पहिया वाहन जिसमें क्रेटा, स्विफ्ट, ब्रेजा, बलेनो आदि लग्जरी गाड़ी चोरी करते हैं। महराज हमारे साथ चोरी करने आता है बाद में महराज ही चोरी की गयी गाड़ियों को गैर राज्यों में बेच देता था। हम लोग चोरी करने से पहले अपने मोबाइल में जंगी एप से आपस में बात करते थे व मिलने का स्थान और समय निश्चित करके घर से निकलते थे। सभी लोग मोबाइल अपने घर छोड़कर चोरी करने आते थे। हम लोग उन्ही जगंहो पर चोरी करते थे जहाँ पर गाड़ियाँ बाहर रोड़ पर खडी रहती थी। हम लोग रात को 02.00 बजे से 07.00 बजे के बीच में गाड़ी चोरी करते थे क्योंकि इस समय अधिकांश लोग शहर में सोते रहते है। बरामद गाड़ी के बारे में पूछताछ पर बताया कि यह ब्रेजा गाड़ी हमने अपने साथी मोहसीन , महराज के साथ हरियाणा सै0 38 गुरुग्राम से चोरी की थी । चोरी की गाडियों को महराज गाड़ी की स्थिति के हिसाब से लोगों को बेच देता था। जो पैसा मिलता हम चारों आपस में बाँट लेते थे तथा अन्य ये गाड़ी भी हम चारों ने कुछ दिन पहले ही लिंकरोड़ व दिल्ली से चोरी की थी। हम लोग जो भी गाड़ियाँ चोरी करते है । उन्हे तुरंत अपने साथ नही ले जाते कुछ दिन तक खाली पडी जगहों, पार्किंग, सुनसान जगहों, सोसायटी में खडी कर देते हैं और कुछ दिन बाद मामला शांत होने पर मौका देखकर गाड़ियाँ वहा से हटाकर महराज को दे देते है। महराज गाड़ी बेचकर हमें रुपये बाँट देता है । आज हम तीनों यहा खडी चोरी की गाड़ियाँ ले जाने आये थे।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता</u>**

1. गुलफाम उर्फ कटोरा पुत्र वहीद निवासी घोसीपुर थाना लोहिया नगर जनपद मेरठ उम्र 36 वर्ष ।
2. जाहुल पुत्र स्व0 जुम्मा निवासी ग्राम रुपडाका थाना हथीम जिला पलवल हरियाणा उम्र 38 वर्ष ।

**फरार अभियुक्तों का नाम व पता**

1. महराज पुत्र सरवन निवासी डिग्गी मकबरा रेलवेरोड़ मेरठ ।
2. पहलवान उर्फ मोहसीन पुत्र रज्जाक निवासी नहाल थाना मसूरी गाजियाबाद ।

**बरामदगी का विवरण**

- चोरी की 01 बलेनो कार सिल्वर कलर(थाना लिंकरोड़ से चोरी), चोरी की 01 ब्रेजा कार(थाना गुरुग्राम सदर हरियाणा) व चोरी की 01 स्विफ्ट डिजायर कार( दिल्ली से चोरी ) तीनों कार बरामद।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास**

- गिरफ्तार अभियुक्त गुलफाम उर्फ कटोरा पुत्र वहीद उपरोक्त पर गाजियाबाद के थाना लिंकरोड़ वकविनगर पर चोरी के सम्बन्ध में 01-01 अभियोग, थाना सिहानीगेट पर धोखाधड़ी के सम्बन्ध में 01 अभियोग, थाना विजयनगर में चोरी की सम्पति रखने व आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित 02 अभियोग तथा मेरठ के थाना बृहमपुरी में धोखाधड़ी, मारपीट व आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित 03 अभियोग व दिल्ली NCR के अन्य थानों में वाहन चोरी के 11 अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्त उपरोक्त पर कुल 19 अभियोग पंजीकृत हैं।
- गिरफ्तार अभियुक्त जाहुल पुत्र स्व0 जुम्मा उपरोक्त पर थाना लिंकरोड़ पर चोरी के सम्बन्ध में 01 अभियोग व ई-पुलिस स्टेशन दिल्ली में चोरी के सम्बन्ध में 07 अभियोग, थाना पांडव नगर दिल्ली में चोरी के सम्बन्ध में 02 अभियोग, थाना के एन काटजू मार्ग दिल्ली पर चोरी के सम्बन्ध में 01 अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्त उपरोक्त पर कुल 11 अभियोग पंजीकृत हैं।

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम**

थाना लिंक रोड पुलिस टीम व स्वाट टीम ट्रांस हिण्डन जोन

**थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम द्वारा घर से 06 माह की बच्ची का अपहरण करने वाली 01 अभियुक्ता गिरफ्तार , कब्जे से 06 माह की बच्ची सकुशल बरामद।**

दिनांक 20.07.2024 को वादी निवासी झुग्गी झोपडी इन्दिरापुरम द्वारा विपक्षी इदन खातून पत्नी दिलशाद अहमद निवासी सलेमपुर देवरिया के विरुद्ध वादी की 06 माह की बच्ची के अपहरण करने के सम्बन्ध में थाना इन्दिरापुरम पर एक अभियोग पंजीकृत कराया गया था । जिसमें थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांक 22.07.2024 को मुखबिर खास की सूचना के आधार पर एक अभियुक्ता इदन खातून उर्फ रुबिना उर्फ नूरजंहा पत्नी दिलशाद उर्फ पप्पू निवासी वगाही थाना मईल जिला देवरिया उम्र करीब 40 वर्ष को रामलीला ग्राउण्ड वसुन्धरा से गिरफ्तार किया गया है । जिसके कब्जे से वादी की 6 माह की बच्ची को सकुशल बरामद किया गया तथा बच्ची को आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए उसके परिजनों के सकुशल सुपुर्द किया गया। गिरफ्तार अभियुक्ता के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण**

गिरफ्तार अभियुक्ता ने पूछताछ में बताया कि अभियुक्ता का बेटा लड़की भगाने व दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में पहले से ही जेल में है । किसी व्यक्ति ने अभियुक्ता को बताया कि अपने लड़के को जेल से छुडाने के लिये किसी अबोध बच्चे से मौलवी के समक्ष सजदा करा दो। इसीलिए मैंने बच्ची का अपहरण किया था।

**गिरफ्तार अभियुक्ता का नाम व पता**

इदन खातून उर्फ रुबिना उर्फ नूरजंहा पत्नी दिलशाद उर्फ पप्पू निवासी वगाही थाना मईल जिला देवरिया उम्र करीब 40 वर्ष।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम

**थाना टीला मोड़ पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वाँछित एक अभियुक्त गिरफ्तार।**

दिनांक 21.07.2024 को थाना टीला मोड़ पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में वाँछित एक अभियुक्त सौरभ पुत्र धर्मपाल उर्फ पप्पू निवासी ग्राम महमूदपुर थाना टीला मोड़ गाजियाबाद उम्र 23 वर्ष को फरुखनगर वाई पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त सौरभ पुत्र धर्मपाल उर्फ पप्पू उपरोक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता**

सौरभ पुत्र धर्मपाल उर्फ पप्पू निवासी ग्राम महमूदपुर थाना टीला मोड़ गाजियाबाद उम्र 23 वर्ष।

**गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास**

- गिरफ्तार अभियुक्त सौरभ पुत्र धर्मपाल उर्फ पप्पू उपरोक्त पर मारपीट, हत्या, डकैती, आर्म्स एक्ट व गैंगस्टर एक्ट के सम्बन्ध में कुल 06 अभियोग पंजीकृत है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

थाना टीला मोड़ पुलिस टीम

**थाना लोनी बॉर्डर पुलिस द्वारा चोरी की घटना कारित करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार , कब्जे से चोरी के 03 मोबाइल फोन बरामद।**

दिनांक 17.07.2024 को थाना लोनी बॉर्डर पर वादी शोभित अरोरा निवासी गुलाब वाटिका ने तहरीर दी कि अज्ञात चोरों द्वारा मेरे घर से 03 मोबाइल फोन, 01 ATM कार्ड व रूपयें चोरी कर लिए गए हैं। जिसके संबंध में तत्काल थाना लोनी बॉर्डर पर अभियोग पंजीकृत किया गया तथा शीघ्र अनावरण हेतु टीम लगाई गई। तत्पश्चात दिनांक 21.07.2024 को मुखबिर की सूचना व सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना कारित करने वाले 02 अभियुक्तों 1.मयंक पुत्र अशोक उम्र 21 वर्ष निवासी भगीरथी विहार थाना गोकुलपुरी दिल्ली 2.मनीष पुत्र अशोक उम्र 18 वर्ष निवासी भगीरथी विहार थाना गोकुलपुरी दिल्ली को शमशान घाट के पास से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण**

पूछताछ के दौरान अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम दोनों भाईयों ने कुछ दिन पहले गुलाब वाटिका से एक घर का दरवाजा खुला देकर मौका पाकर 03 मोबाइल फोन चोरी कर लिए थे , अन्य कोई सामान हमारे द्वारा चोरी नहीं किया गया। चोरी किये गए मोबाइल फोनों को हम बेचने की फिराक में निकले थे कि आपके द्वारा हम दोनों को पकड़ लिया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम/पता**

1.मयंक पुत्र अशोक उम्र 21 वर्ष निवासी भगीरथी विहार थाना गोकुलपुरी दिल्ली
2.मनीष पुत्र अशोक उम्र 18 वर्ष निवासी भगीरथी विहार थाना गोकुलपुरी दिल्ली

**बरामदगी का विवरण**

चोरी के 03 मोबाइल फोन बरामद।

**अपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग**

उपरोक्त चोरी की घटना के संबंध में थाना लोनी बॉर्डर पर 01 अभियोग पंजीकृत है।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम**

थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम

**थाना विजयनगर पुलिस टीम द्वारा 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूट के 06 मोबाइल व घटना मे प्रयुक्त 01 मोटर साईकिल बरामद।**

आज दिनांक 21.07.2024 को थाना विजयनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर संदिग्ध वाहन व्यक्ति चेकिंग के दौरान 0 2 अभियुक्त**1. नईम 2. ईनाम** को प्राचीन कश्मीरी शिव मन्दि रतिराहे के पास थाना विजयनगर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम पता अभियुक्त**

1. नईम पुत्र रहीसुद्दीन निवासी म0 न0 डी-35 दिलशाद गार्डन थाना टीला मोड जनपद गाजियाबाद मूल पता ग्राम बदरखा थाना जहांगीराबाद जनपद बुलंदशहर उम्र 24 वर्ष।
2. ईनाम पुत्र निजाम निवासी गरिमा गार्डन इकबाल कालोनी थाना टीला मोडजनपद गाजियाबाद मूल पता मौहल्ला ऊचामहला थाना खुर्जा जनपद बुलंदशहर उम्र 32 वर्ष।

**बरामदगी का विवरणः-**

01मोटर साईकिल DL-13-SU-3071
06 मोबाईल भिन्न भिन्न कम्पनी के

**पूछताछ का विवरणः-**

गिरफ्तार अभियुक्तगण ने पूछताछ पर बताया कि साहब हम लोग नशा करने के आदी हैं इसीलिये हम मिलकर रास्ते , ई-रिक्शा में फोन पर बात कर रहे व्यक्तियों से उक्त मोटर साईकिल पर सवार होकर उनके फोन छीन कर भाग जाते है तथा सस्ते दामों पर चलते फिरते लोगो को बेच देते है। और जो पैसा मिलता है उससे अपने शौंक पूरे करते हैं। साहब आज भी हम लोग छीने गये मोबाईलों को बेचने की फिराक में घुम रहे थे कि पुलिस द्वारा हम लोगो को पकड़ लिया गया।

**अभियुक्त का अपराध इतिहासः-**

**अभियुक्त नईम उपरोक्त पर -** 06 अभियोग चोरी व लूट के कमिश्नरेट गाजियाबाद पर पंजीकृत है।
**अभियुक्त ईनाम उपरोक्त पर** –01 अभियोग पंजीकृत है।

**गिरफ्तार एंव बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः-**

थाना विजयनगर पुलिस टीम।